भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1654

उत्तर देने की तारीख 28 नवंबर, 2019
7 अग्रहायण, 1941 (शक)

पुरुष हॉकी विश्व कप का आयोजन

1654. डॉ. जयसिद्देश्वर शिवाचार्य स्वामीजीः

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या भारत चौथी बार पुरुष हाकी विश्व कप आयोजित करने के लिए तैयार है;

(ख) यदि हां, तो क्या भारत उक्त टूर्नामेंट चौथी बार आयोजित करने वाला एक मात्र देश है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उक्त प्रतियोगिता के आयोजन के लिए कितनी निधि की आवश्यकता है; और

(घ) उक्त प्रतियोगिता में कितने और किन-किन देशों के भाग लेने की संभावना है?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री किरेन रीजीजू)

(क) जी हां । भारत में हाकी खेल विधा के लिए मान्यताप्राप्त राष्ट्रीय खेल परिसंघ हाकी इंडिया ने यह पुष्टि की है कि भारत को चौथी बार पुरुष हाकी विश्व कप, जो जनवरी 2023 में आयोजित किया जाना निर्धारित है, की मेजबानी सौंपी गई है ।

(ख) इससे पहले भारत ने 1982, 2010 और 2018 में हाकी विश्व कप टूर्नामेंटों का आयोजन किया है । जनवरी 2023 में होने वाला विश्व कप टूर्नामेंट भारत में आयोजित होने वाली ऐसा चौथा टूर्नामेंट होगा ।

(ग) और (घ) : हाकी इंडिया ने सूचित किया है कि हाकी विश्व कप 2023 आयोजित करने के लिए धनराशि प्रायोजन के माध्यम से जुटाई जाएगी । वर्तमान फार्मेट के अनुसार इस स्पर्धा में 16 टीमें भाग लेंगी और इससे संबंधित विवरण अंतरराष्ट्रीय हाकी परिसंघ (एफआईएच) द्वारा इस स्पर्धा के आयोजन की तारीख के निकट घोषित किया जाएगा ।

****